प्रेषक,

शिव गोपाल सिंह,

संयुक्त सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,

कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक 30 मई, 2025

विषय:- केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी विनीत पुत्र श्री प्रेमपाल, निवासी जनपद-बुलन्दशहर की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वरिष्ठ अधीक्षक (मु0) कारागार के पत्र संख्या-36891/प्रोबेशन-3-फार्म-ए/(एम-22.11.2024), दिनांक-05.12.2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी विनीत पुत्र श्री प्रेमपाल, सिद्धेश्वर रोड, दुर्गा शान्ति मन्दिर के पास, चमन बिहार कालोनी, थाना-खुर्जा नगर, जनपद-बुलन्दशहर का निवासी है। 02 लाख रूपये भेजने से मना करने पर बंदी ने दिनांक 14.03.2010 को अपने 02 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर तमंचे से गोली मारकर सुरेन्द्र तोमर नामक व्यक्ति की हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या- 679, 680/2010 में भा0द0वि0 की धारा-302/34, 384, 504, 506(2) व 27 आयुध अधिनियम में मा० न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश (एस०सी०/एस०टी०एक्ट), बुलन्दशहर के आदेश दिनांक 16.10.2014 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। बन्दी की अपील मा० उच्च न्यायालय में लम्बित है।(2) सत्र परीक्षण संख्या-1084/2015, धारा-224 आई०पी०सी० में मा० न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, खुर्जा (बुलन्दशहर) के आदेश दिनांक 24.09.2016 द्वारा 02 वर्ष के कारावास से दण्डित किया गया। (3) सत्र परीक्षण संख्या-1428/2021, धारा-323, 308 आई०पी०सी० में मा० न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायालय सं0-12, आगरा के आदेश दिनांक 21.11.2022 द्वारा 07 वर्ष के कारावास से दण्डित किया गया। बन्दी के ऊपर एक अन्य विचाराधीन वाद लम्बित है। बंदी द्वारा दिनांक 20.05.2024 तक अपरिहार 14 वर्ष 01 माह, 22 दिन तथा सपरिहार 15 वर्ष, 07 माह, 28 दिन की सजा भोगी गयी है।

3- जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, बुलन्दशहर द्वारा शासनादेश संख्या 1558/22-02-2004-25(94)/97, दिनांक 06.09.2004 के प्रस्तर 9-(2) के प्राविधान के अनुरूप 05 बिन्दुओं (जो लक्ष्मण नास्कर बनाम यूनियन ऑफ इंडिया, 2000 क्रि० एल० जे० 1471 में मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्देशित किया गया) पर परीक्षण कर आख्या प्रेषित की गई है। उक्त आख्या में बन्दी द्वारा कारित किया गया अपराध समाज को व्यापक रूप से प्रभावित करने, भविष्य में अपराध करने की सम्भावना से इंकार नहीं किये जाने, पुनः अपराध करने से इनकार नहीं किये जाने, दोनों पक्षों में विवाद अभी पूर्ण रूप से समाप्त नहीं होने के दृष्टिगत समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। जिला मजिस्ट्रेट, बुलन्दशहर द्वारा बंदी का अभिभावक उपयुक्त पाया गया है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in

4- प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि 02 लाख रूपये भेजने से मना करने पर बंदी ने दिनांक 14.03.2010 को अपने 02 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर तमंचे से गोली मारकर सुरेन्द्र तोमर नामक व्यक्ति की हत्या का जघन्य अपराध कारित किया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा स्थानीय स्तर पर वर्तमान परिस्थितियों का सम्यक परीक्षण कर माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किया गया है। प्रकरण से सम्बंधित ऐसा कोई तथ्य परिलक्षित नहीं है, जिसके आधार पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा जिला मजिस्ट्रेट की आख्या/संस्तुति के प्रतिकूल अवधारणा बनाई जा सके। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी विनीत पुत्र प्रेमपाल को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

5- उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी विनीत (बन्दी संख्या-17140) पुत्र श्री प्रेमपाल, निवासी जनपद-बुलन्दशहर के फार्म-ए/लाईसेंस पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति राज्यपाल महोदया द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए/लाईसेंस पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,

शिव गोपाल सिंह

संयुक्त सचिव।

संख्या-512/2025/2125(1)/22-2-2024 एवं तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, बुलन्दशहर।

2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, आगरा।

3- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन।

4- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन।

5- नोडल अधिकारी/अधीक्षक, जिला कारागार, गाजियाबाद को मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में योजित विशेष अनुज्ञा याचिका (क्रिमि0) संख्या-529/2021 सोनाधर बनाम छत्तीसगढ़ राज्य तथा सुओ मोटो रिट पिटीशन (क्रिमि0) संख्या-04/2021 पॉलिसी स्ट्रेट्जी फार ग्रान्ट ऑफ बेल में मा0 उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांक 10.09.2024 के सन्दर्भ में।

6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

ममता श्रीवास्तव

अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in

शासनादेश संख्या-512/2025/2125/22-2-2024-17(590)/2024

दिनांक 30 मई, 2025 का संलग्नक

सरकार के आदेश

केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी विनीत पुत्र श्री प्रेमपाल, सिद्धेश्वर रोड, दुर्गा शान्ति मन्दिर के पास, चमन बिहार कालोनी, थाना-खुर्जा नगर, जनपद-बुलन्दशहर का निवासी है। 02 लाख रूपये भेजने से मना करने पर बंदी ने दिनांक 14.03.2010 को अपने 02 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर तमंचे से गोली मारकर सुरेन्द्र तोमर नामक व्यक्ति की हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या- 679, 680/2010 में भा0द0वि0 की धारा-302/34, 384, 504, 506(2) व 27 आयुध अधिनियम में मा० न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश (एस०सी०/एस०टी०एक्ट), बुलन्दशहर के आदेश दिनांक 16.10.2014 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। बन्दी की अपील मा० उच्च न्यायालय में लम्बित है।(2) सत्र परीक्षण संख्या-1084/2015, धारा-224 आई०पी०सी० में मा० न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, खुर्जा (बुलन्दशहर) के आदेश दिनांक 24.09.2016 द्वारा 02 वर्ष के कारावास से दण्डित किया गया। (3) सत्र परीक्षण संख्या-1428/2021, धारा-323, 308 आई०पी०सी० में मा० न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायालय सं0-12, आगरा के आदेश दिनांक 21.11.2022 द्वारा 07 वर्ष के कारावास से दण्डित किया गया। बन्दी के ऊपर एक अन्य विचाराधीन वाद लम्बित है। बंदी द्वारा दिनांक 20.05.2024 तक अपरिहार 14 वर्ष 01 माह, 22 दिन तथा सपरिहार 15 वर्ष, 07 माह, 28 दिन की सजा भोगी गयी है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, बुलन्दशहर द्वारा शासनादेश संख्या 1558/22-02-2004-25(94)/97, दिनांक 06.09.2004 के प्रस्तर 9-(2) के प्राविधान के अनुरूप 05 बिन्दुओं (जो लक्ष्मण नास्कर बनाम यूनियन ऑफ इंडिया, 2000 क्रि० एल० जे० 1471 में मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्देशित किया गया) पर परीक्षण कर आख्या प्रेषित की गई है। उक्त आख्या में बन्दी द्वारा कारित किया गया अपराध समाज को व्यापक रूप से प्रभावित करने, भविष्य में अपराध करने की सम्भावना से इंकार नहीं किये जाने, पुनः अपराध करने से इनकार नहीं किये जाने, दोनों पक्षों में विवाद अभी पूर्ण रूप से समाप्त नहीं होने के दृष्टिगत समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। जिला मजिस्ट्रेट, बुलन्दशहर द्वारा बंदी का अभिभावक उपयुक्त पाया गया है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि 02 लाख रूपये भेजने से मना करने पर बंदी ने दिनांक 14.03.2010 को अपने 02 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर तमंचे से गोली मारकर सुरेन्द्र तोमर नामक व्यक्ति की हत्या का जघन्य अपराध कारित किया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा स्थानीय स्तर पर वर्तमान परिस्थितियों का सम्यक परीक्षण कर माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किया गया है। प्रकरण से सम्बंधित ऐसा कोई तथ्य परिलक्षित नहीं है, जिसके आधार पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा जिला मजिस्ट्रेट की आख्या/संस्तुति के प्रतिकूल अवधारणा बनाई जा सके। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी विनीत पुत्र प्रेमपाल को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया द्वारा बंदी की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

शिव गोपाल सिंह

संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in